3 जुलाई 2021 का घोषणा पत्र

भारतीय मसीही दिवस / यीशु भक्ति दिवस

3 जुलाई 2021 को भारतीय मसीही दिवस (यीशु भक्ति दिवस) के तौर पर वार्षिक उत्सव स्वरूप मनाए जाने की यह घोषणा प्रभु यीशु मसीह के भारतीय मूल के सभी अनुयायियों के लिए है। इस दिन प्रभु यीशु मसीह के जीवन और सन्देश का गुणगान किया जाएगा, जिसे यीशु के बारह चेलों में से एक प्रेरित सन्त थोमा 52 ईसवी में भारत में लाया था।

इस दिन 72 ईसवी में चेन्नई के पास सन्त थोमा ने शहीदी प्राप्त की थी, इसलिए इस दिन को पारम्परिक तौर पर सन्त थोमा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 2021 में आरम्भ करते हुए प्रभु यीशु के अनुयायी होने के नाते अपनी भारतीय सांस्कृतिक धरोहर में अपनी पहचान को सुरक्षित रखते हुए, हम विभिन्न भाषाओं, परम्पराओं, मान्यताओं, धर्मों और प्रदेशों के लोगों में से हमारे साथ इस उत्सव में शामिल होने वाले लोगों के साथ मिलकर एकता भाव से इस दिन को प्रतिवर्ष मनाएँगे।

3 जुलाई 2021 को मनाए जाने वाले भारतीय मसीही दिवस (यीशु भक्ति दिवस) से एक दशक तक चलने वाले उत्सव का आरम्भ होगा, जो प्रभु यीशु मसीह, जिसकी शिक्षा और जीवन के सिद्धान्तों ने भारत तथा संसार को आकार-विस्तार देने में सहायता की है, के पार्थिव सेवाकार्य की 2000 वीं वर्षगाँठ के सम्मान में एक उत्सव दशक होगा।